>

Title: Need to extend financial assistance to all patients seeking help from Prime Minister's Relief Fund.

श्री गजानन ध. बाबर (मावल): मैं सरकार का ध्यान प्रधानमंत्री राहत कोष की तरफ दिलाना चाहता हूं। महोदया, हम जनता की परेशानी को देखते हुए प्रधानमंत्री के कार्यालय को रोगियों के उपचार हेतु प्रधान मंत्री राहत कोष से धनराशि सहायता हेतु सिफारिश करते हैं। वहां पर पहले लाटरी निकाली जाती है और फिर निर्णय किया जाता है कि रोगी को धनराशि सहायता प्रदान की जाये या नहीं, उसके बाद भी रोगी को समय पर धनराशि उपलब्ध नहीं कराई जाती है।

मैं सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि इस लॉटरी सिस्टम को खत्म करके प्रत्येक रोगी को धनराशि की सहायता प्रधानमंत्री राहत कोष से उपलब्ध कराने की समुचित व्यवस्था की जाये जिससे सभी रोगियों को इसका फायदा मिल सके तथा उनका समय पर इलाज हो सके।